




नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025



# बेटियों की तरक्की के लिए सरकार संचालित कर रही कई योजनाएं : विधायक

## प्रतिभावान बेटियों एवं महिलाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

**शाजापुर, 17 जुलाई. बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ... अभियान के अंतर्गत शाजापुर जिले की प्रतिभावान बेटियों एवं महिलाओं के लिए आज जिला मुख्यालय पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ. समारोह में अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, विधायक अरुण भीमावद, कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना, डॉ. रवि पाण्डेय सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे. समारोह के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं, समाज में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित किया.**

मुख्य अतिथि के रूप विधायक भीमावद ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने बेटियों एवं महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिसमें बेटियों का लिंगानुपात बढ़ाना, बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ अभियान भी शामिल है. उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और सफलता हासिल कर रही हैं. शाजापुर जिले की महिलाएं भी विभिन्न क्षेत्रों में काम करके नाम रोशन कर रही हैं. उन्होंने कहा कि पश्चिमी संस्कृति और आधुनिक दौर में विकृति के रूप में चुनौतियां भी मिल रही हैं. इसके लिए सजग रहकर बेटियां इन बुराईयों से दूर रहकर सफलता प्राप्त करें. इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सिसोदिया ने कहा कि मध्यप्रदेश एवं भारत सरकार की ऐसी अनेक योजनाएं हैं, जिससे महिलाएं तरक्की पा सकती हैं. कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी रविन्द्र हार्डिया, डीएचओ डॉ. तेजपाल सिंह जादौन, आशीष नागर, किरण ठाकुर, जुगलकिशोर नागर भी उपस्थित थे.




### 36 बालिकाओं का किया सम्मान

समारोह के दौरान राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर ख्याति प्राप्त करने वाली 36 बालिकाओं को सम्मानित किया गया. इसी तरह शाजापुर जिले का राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाली बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ ब्राण्ड एम्बेसडर अनुष्का नायक व चन्द्रिका मितौला, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की प्रतिभावान बालिका बमोरी रानी जायसवाल एवं मझानिया की अंजली को सम्मानित किया गया. इसी तरह क्रीड़ा में नेहा चावरे व विनीता, चित्रकलां में पायल व काजल पारस, साहित्य में शिवानी गिरी, कालिदास समारोह में संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रीति जाटव, कालिदास समारोह में श्लोक पाठ करने वाली अनुराधा दरिया, बालरंग लोकगीत संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रजनी बाला मंडलोई, रग्बी में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति हासिल करने वाली मनीषा भिलाला, एथलेटिक्स डिक्स थ्रो में राज्य स्तर पर पदक पाने वाली खुशी मण्डलोई, अनुगूंज कार्यक्रम में संभाग स्तर पर नेतृत्व करने वाली श्रुति गामी, एनसीसी कल्चरल कार्यक्रम में लाठी चलाने का प्रदर्शन करने वाली गुनगुन चौहान, एनसीसी में कमाण्डर हेमलता सोलंकी, मलखम्ब में योगा प्रदर्शन करने वाली शिवानी उमठ, कालीदास समारोह में संस्कृति में भाषण देने वाली साधना प्रजापति, संभाग स्तरीय एथलेटिक्स में भाग लेने वाली अर्चिता भिलाला व सपना प्रजापति, संगीत कार्यक्रम में भाग लेने वाली संध्या जाटव, विद्यालय स्तर की चित्रकलां प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सरिता ठाकुर, संभाग स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाली मुस्कान खान, महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए कार्य करने वाली अशासकीय संस्था की श्रीमती सीमा शर्मा, महिला सशक्तिकरण अधिकारी सुश्री नीलम चौहान, बालिकाओं को तलवारबाजी एवं लाठी का प्रशिक्षण देने वाली संस्था प्रमुख अंकित गोविन्द सोनी को भी सम्मानित करते हुए प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए.

### बालिकाओं ने किया शौर्य प्रदर्शन...

प्रारंभ में महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी ने समारोह के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला. इसके पूर्व राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने वाली मलखम्ब की बालिकाओं ने मलखम्ब पर योग प्रदर्शन किया. वही बालिकाओं ने लाठी एवं तलवारबाजी का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के दौरान बालिका योगिता जाधव (एक पैर से दिव्यांग) ने नृत्य कर सभी को भाव विभोर किया. मास्टर माईण्ड पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने बाल विवाह रोकथाम पर लघु नाटिका प्रस्तुत की.

### पिंक ड्रायविंग लाइसेंस के लिए शिविर लगाया

समारोह स्थल पर जिला परिवहन अधिकारी द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए पिंक ड्रायविंग लायसेंस बनाने तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया था. वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा टीएचआर से बने स्वादिष्ट व्यंजनों एवं पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी. इस प्रदर्शनी का अवलोकन विधायक भीमावद एवं कलेक्टर सुश्री बाफना ने किया और स्वादिष्ट व्यंजन चख कर भी देखें.

## एक नजर में

### शासकीय कन्या स्कूल में ब्यूटी लेक्चर आयोजित



**सुसनेर, 17 जुलाई.** देश में बढ़ते हुए रोजगार के नए अवसरों को ध्यान में रखते हुए सुसनेर की होनहार और प्रोफेशनल सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट चेतना राठौर द्वारा एक दिवसीय ब्यूटी लेक्चर का आयोजन शासकीय उच्चत्तर कन्या माध्मिक विद्यालय में किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य ब्यूटी इंडस्ट्री में करियर बना रही छात्राओं को मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करना था. इस अवसर पर चेतना राठौर ने मेकअप और ब्यूटी के क्षेत्र से जुड़ी नई तकनीकों, करियर संभावनाओं और इंडस्ट्री की आवश्यकताओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी स्कूली छात्राओ को दी. उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों का जवाब देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी. कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अनुभव भी साझा किए. इस आयोजन में स्कूल के प्राचार्य कन्हैया लाल मालवीय, ब्यूटी विषय की शिक्षिका आरती कुशवाह सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे. कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को प्रेरणादायी संदेश के साथ किया गया.

### श्रीमद भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु



**मोहन बड़ोदिया, 17 जुलाई.** मोहन बड़ोदिया के श्रीकृष्ण मंदिर में मोहन बड़ोदिया की समस्त महिला मंडल के द्वारा सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. बता दें कथा का वाचन श्री यादरामजी शास्त्री गोवर्धन मथुरा वाले के मुखारविंद से 14 से 20 जुलाई तक किया जा रहा है. वहीं कथा में गुरुवार शाम 5 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया. इस दौरान कथा में जड़ भरत की कथा वर्णन करते हुए गुरुजी ने कहा कि दया धर्म का मूल है लेकिन कभी कभी दया भी भजन में विघ्न का कारण बन जाती है. कथा के माध्यम से बताया कि जड़ भरत के जीवन में उनका मन एक हिरण के बच्चे में लगा, जिससे अंत समय हिरण का स्मरण करने के चलते अगला जन्म उन्हें हिरण के रूप में लेना पड़ा. कथावाचक ने बताया कि अपने अंतिम समय में भगवान का स्मरण होना चाहिए. इसके लिए भजन की महत्ता बताई. कथा में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही.

### वाहनों के आवागमन के लिए हटवाई दुकानें



**शुजालपुर, 17 जुलाई.** सिटी क्षेत्र में गुरुवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगता है, जिसमें बड़ी संख्या में दुकानें व फल के ठेले लगते हैं. सिटी क्षेत्र के यह साप्ताहिक हाट बाजार में पचोर-शुजालपुर नेशनल हाइवे पर भी दुकानें लगाई जाती हैं. कई बार सड़क के बीच में भी दुकानें लग जाती हैं, जिसके कारण वाहनों का आवागमन बाधित होता है. इस परेशानी को देखते हुए पिछले दिनों अनुभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने नगर पालिका को हाईवे पर आवागमन सुलभ हो इसके लिए कार्यवाही के निर्देश दिए थे, इसके पालन में नगर पालिका ने गुरुवार सुबह मार्ग पर चुने की लाईन डलवाई थी, साथ ही दुकान लगाने वाले व्यापारियों को लाइन की परिधि में दुकान संचालित करने को कहा था, लेकिन दोपहर बाद दुकान दो पंक्तियों में लगी हुई थी. शाम को नगर पालिका अमले ने पुलिस के सहयोग से दुकानों को मार्ग के साइड में करवाया और आवागमन को सुलभ किया. नगर पालिका ने इस कार्यवाही के लिए दल का गठन भी किया. जिसमें दल प्रभारी सहायक यंत्री जेकी सिंह रोमडे, उपयंत्री दीपक अटेरिया, उपयंत्री शिवम चौरसिया, सहायक राजस्व निरीक्षण सोहन खटिक, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक जयकार मालवीय, मनोज श्रीवास्तव, नीतिन कुलकर्णी, प्रहलाद मालवीय, गजराज लावरे, राजकुमार बिलवान, संतोष भैरवे, घनश्याम राठौर को शामिल किया. बताया जाता है कि हाइवे पर वाहनों का आवागमन सुलभ रहे इसके लिए कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी.

# अच्छा राजस्व देने के बाद भी शुजालपुर की अनदेखी क्यों..?

## कई ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं है, रेलवे स्टेशन पर रहती है गंदगी और अव्यवस्था

**शुजालपुर, 17 जुलाई. उज्जैन व भोपाल के मध्य शुजालपुर रेलवे स्टेशन, रेलवे विभाग को यात्री व माल वाहक के रूप में अच्छा राजस्व लंबे समय से देता आ रहा है, लेकिन इसके बाद भी इस रेलवे स्टेशन की विभाग की ओर से अनदेखी हो रही है. वर्षभर रेलवे स्टेशन पर सीमेंट, डीओसी सहित अन्य सामानों के रेक लगते हैं. शहर से प्रवेश के लिए जो मुख्य मार्ग है, वहां पर ट्रकों का जमावड़ा और गंदगी का साम्राज्य है.**




वर्तमान में भी रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर कीचड़ पसरा हुआ है. रेलवे स्टेशन की सफाई व सुविधाओं को लेकर विभाग का कोई ध्यान नहीं है. इस रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन व्यापारी, मजदूर वर्ग, अपडाउन करने वाले शासकीय एवं प्राइवेट कर्मचारियों की संख्या हजारों में है. इंदौर और भोपाल जाने के अलावा लंबी दूरियों के लिए भी शुजालपुर से काफी यात्रियों की भीड स्टेशन पर होती है. जम्मू, नई दिल्ली, नागपुर, हावड़ा, पूरी, जयपुर, सोमनाथ, बडोदरा, त्रिवेंद्रमपुरम तक यात्री शुजालपुर से सीधी यात्रा करते हैं. परंतु उत्तर प्रदेश जाने वाली यात्री गाड़ियां जो शुजालपुर से होकर गुजरती है. उनका शुजालपुर में स्टॉप नहीं है. अगर इन ट्रेनों जैसे ट्रैन नंबर 14115/14116 डॉ. अम्बेडकर नगर. प्रयागराज जो कि उज्जैन से 1.35 बजे चलती है और 3.35 पर संत हिरदाराम नगर पहुंचती है और वहां तकरीबन 1 घंटे के आसपास खड़ी रहती है. अगर इस ट्रेन का शुजालपुर में 2 मिनट का स्टॉप हो जाए, तो शुजालपुर वासियों को प्रयागराज उत्तरप्रदेश जाने के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा मिल सकती है.

### तो सीधे उत्तरप्रदेश की यात्रा कर सकेंगे यात्री

एक और ट्रेन काशी-महाकाल एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 20414/20415 जो कि उज्जैन से 11.25 पर चलती है और संत हिरदाराम नगर 1.40 पर पहुंचती है. वहीं लगभग आधा घंटा खड़ी रहती है और ऐसे ही गोरखपुर-एक्सप्रेस भी शुजालपुर होकर गुजरती है. ये ट्रेनें शुजालपुर में नहीं रुकती हैं. जबकि लगभग घंटे-आधे घंटे तक संत हिरदाराम नगर में खड़ी रहती हैं. अगर 2 मिनट के लिए शुजालपुर रुकने लगे, तो शुजालपुर से रेलवे को अच्छा राजस्व मिल सकता है. इन ट्रेनों का स्टॉपेज शुजालपुर में हो जाता है तो शुजालपुर वासी उत्तरप्रदेश की सीधी यात्रा शुजालपुर से कर सकेंगे.

### सामाजिक संगठन कर रहे मांग...

सामाजिक संगठनों द्वारा इन ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की जा रही है. फल व्यापारी नदीम कुरैशी ने बताया कि माल खरीदने अक्सर आगरा और उत्तरप्रदेश के कई शहरों में जाना होता है. परंतु शुजालपुर से दूसरी ट्रेनों से बैरागढ़ या भोपाल तक जाना पड़ता है, वहां से ट्रेन बदलना पड़ती है. अगर शुजालपुर स्टॉप हो जाए, तो कई व्यापारियों को भी इसका लाभ मिल सकेगा. सामाजिक कार्यकर्ता हसन रजा कुरैशी एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी मांग करते हुए कहा कि शुजालपुर से धार्मिक लोग एवं दार्शनिक लोग भी ज्यादातर उत्तरप्रदेश की यात्रा पर जाते हैं, उनको ट्रेनें बदलकर यात्रा करना पड़ती है. शुजालपुर में स्टॉप होने से सभी वर्गों को लाभ होगा और रेलवे का राजस्व भी बढ़ेगा. क्योंकि शुजालपुर एक ऐसा क्षेत्र है, जिनसे कई ग्राम, तहसील एवं नगर जुड़े हैं और आसपास के क्षेत्र के लोग शुजालपुर आकर ट्रेन पकड़ते हैं.

### आज रवाना होंगे बोल बम के कांवड़िये

**सुसनेर, 17 जुलाई.** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर से करीब 180 किलोमीटर दूर ओंकारेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने के लिए बोल बम कावड यात्र संघ के तत्वावधान में कावडिये रवाना होंगे. सुबह प्रात: काल सभी कावडिये कंठाल नदी के तट पर स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में महारूद्राभिषेक करेंगे. उसके बाद अपनी कांवड़ में कंठाल नदी का जल भर कर के सभी धार्मिक स्थलो के दर्शन कर आगर के लिए रवाना होंगे. इनका पहले दिन का पडाव आगर के बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में होगा. उसके बाद वे उज्जैन के महाकाल बाबा का जलाभिषेक करेंगे. उसके पश्चात ओंकारेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर क्षेत्र में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे.

**कन्या विद्यालय में हुआ पौधारोपण- शुजालपुर,** एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी में 101 पौधे शिक्षकों व छात्राओं ने लगाए.

# 98 ग्राम पंचायतों के सचिव और सहायक सचिवों की बैठक आयोजित



**मोहन बड़ोदिया, 17 जुलाई. जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया में गुरुवार दोपहर 3 बजे के करीब जनपद सीईओ अमृतराज सिसोदिया द्वारा मोहन बड़ोदिया जनपद क्षेत्र की कुल 98 ग्राम पंचायतों के सचिवों और सहायक सचिवों के साथ विकास कार्यों को लेकर बैठक ली.**

इस दौरान जनपद से पीसीओ रामलाल रावल, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी आरती पड़ोले सहित जनपद के अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे. बैठक में जनपद सीईओ अमृतराज सिसोदिया ने ग्राम पंचायतवार सचिवों और सहायक सचिवों से ग्राम पंचायतों में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी ली. इस दौरान ईकेवाईसी की स्थिति, आवास योजना की प्रगति सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई.

# प्रथम चरण में 114605 बच्चों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग होगी

## टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान के संबंध में जिला स्तरीय समन्वय बैठक संपन्न

**शाजापुर, 17 जुलाई. शाजापुर जिले में स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का प्रथम चरण 22 जुलाई से 16 सितंबर तक संचालित किया जाएगा. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना की अध्यक्षता में स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान की जिला स्तरीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई. अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, बाल्यकालीन बीमारियों की रोकथाम एवं 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं देना प्रमुख है.**

कलेक्टर सुश्री बाफना ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि दस्तक अभियान में कोई भी बच्चा छूटे नहीं. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बच्चों का लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य पूर्ण करे, अभियान के लिए माईक्रोप्लान बनाए तथा सभी क्षेत्रो में समान रूप से दवाईयो पहुचाने की व्यवस्था करें. साथ ही कलेक्टर ने अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों को जोड़ने तथा अभियान के संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं जनपद पंचायत सीईओ की बैठक लेने के निर्देश भी दिए. जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भूदेव मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 114605 बच्चों की दस्तक दल द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दिन स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की जाएगी. जिसके तहत बच्चों में बाल्यकालीन बीमारियों जैसे दस्त, निमोनिया, एनीमिया एवं कुपोषण से प्रभावित बच्चों को चिन्हांकित कर संस्था में प्रबंधन किया जाएगा. अतिगंभीर कुपोषित बच्चों को उच्च संस्था में रेफर किया जाएगा. दस्तक दल जिसमें एएनएमए आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल है के द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का एमयूएसी टेप से नाप, वजन, स्टेरियोमीटर, हीमोग्लोबिन मीटर, पल्स ऑक्सीमीटर इत्यादि से परीक्षण किया जाएगा एवं दल द्वारा आयु अनुसार विटामिन, आयरन सीरप की खुराक दी जाएगी. दस्त रोग से बचाव के लिए जिंक की गोली एवं ओआरएस का वितरण तथा निमोनिया से बचाव हेतु एमोक्सिलीन की सिरप प्रदाय की जाएगी.

### 45 दिन चलेगा अभियान

यह अभियान 45 दिन चलेगा, जिसमें छूटे हुए बच्चों का मॉपअप दिवस में केवल छूटे हुए बच्चों के लिए दस्तक दल द्वारा गृह भेंट की जायेगी. वीएचएसएनडी पर अन्य सेवाओं के साथ संपूर्ण दिन दस्तक सेवा प्रदायगी की जाएगी. आशा एवं मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम स्तर पर दस्तक अभियान से संबंधित नारे लेखन करवाकर ग्राम में प्रचार प्रसार किया जाएगा. स्कूलों में हेण्ड वॉशिंग प्रदर्शन, प्रोत्साहन एवं प्रतियोगिता का आयोजना आदि के माध्यम से प्रचार प्रचार किया जाएगा. साथ ही दस्तक अभियान की डिजिटल टूल द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी. इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय साल्विया, सिविल सर्जन डॉ. बीएस मैना, डीएचओ डॉ. तेजपाल सिंह जादौन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेंद्र सोनी, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, डीएम एवं ई अजीत पटेल, एपीएमए शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी सहित अन्य चिकित्सकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे.

## एक नजर में

### मंदिरों में चल रहा पूजा आराधना का दौर, कहीं पर अखंड रामायण, तो कहीं पर हो रहे भजन-कीर्तन

# भक्त कर रहे शिव की पूजा, शिवालयों में चल रहा महारूद्राभिषेक

**सुसनेर, 17 जुलाई. श्रावण मास में भोले के भक्त अपने इष्टदेव को प्रसन्न करने में जुटे गए हैं. नगर सहित क्षेत्र के तमाम शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा अलसुबह से ही भगवान भोलेशंकर को जलअर्पित करके पूजा अर्चना की जा रही है. इतना ही नहीं बल्की श्रद्धालु अपनी श्रद्धा अनुसार फूलों व विभिन्न प्रकार की वुस्तुओ से महादेव का श्रृंगार भी कर रहे हैं.**



इसी के साथ ही शिव मंदिरों में पूरे श्रावण मास अखंड रामायठ पाठ व भजन कीर्तन एवं महारूद्राभिषेक भी किए जा रहे हैं. चहुं और सिर्फ भोले की भक्ति करते हुएं ही श्रद्धालु नजर आ रहे हैं. श्रावण का प्रथम सोमवार बीत जाने के बाद अब श्रद्धालु द्वितीय सोमवार की तैयारीं में जुट गए हैं. नगर से दूर पहाडी पर पांडवो द्वारा स्थित पंचदेवलिया महादेव मंदिर, त्रिवेणी संगम पर स्थित तारकेश्वर महादेव मंदिर, मोरूखेडी देवी अहिल्याबाई द्वारा निर्मित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, नगर के डाक बंगला रोड पर स्थित श्री मनकामनेश्वर महोदव मंदिर, मेला ग्राउण्ड स्थित नीलकंठेश्वर, ओंकारेश्वर महादेव मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, सत्यनारायण गली स्थित मनकामनेश्वर मंदिर सहित कई अन्य शिव मंदिरों में अलसुबह महारूद्राभिषेक किया जा रहा है. श्री खेडापति हनुमान मठ मंदिर और श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ का भी आयोजन किया जा रहा है.

### ऐसे करें शिव जी की आराधाना...

पंडित ब्रह्मप्रकाश भट्ट के अनुसार सावन के दौरान महामत्युंजय मंत्र, ओम नम : शिवाय मंत्र का जप तो विशेष है ही साथ ही हनुमानजी को चोला चढाने तथा सुन्दरकाण्ड और रामायण पाठ करना, चमेली के तेल का दीपक लगना, प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करना, गुड और चने का भोग लगाना, तुलसी की माला से राम रामेति, राम रामेति रमे रामो मनोरमे आदि मंत्रो के जाप से आराधना करने से भगवान जल्दी प्रसन्न होते है.



### अवैध शराब के विरूद्ध अभियान

**शाजापुर, 17 जुलाई.** आबकारी विभाग द्वारा कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरूद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है. उक्त जानकारी देते हुए प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी सुश्री निधि जैन ने बताया कि गत दिवस 15 जुलाई को मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर नियंत्रण के लिए वृत्त शुजालपुर एवं शाजापुर के अंतर्गत सुभाषनगर एवं किठौर कंजर डेरे पर थाना बल के साथ कार्यवाही की गई. जिसमें 6200 किग्रा लाहन व लगभग 23 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के तहत 09 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं. इस कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक सुरेश पटेल, श्रीमती मीनाक्षी बोरदिया, थाना कालापीपल के उपनिरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे, आबकारी आरक्षक लखन सिंह सिसोदिया, दिनेश कौशिक, राकेश जमरा तथा सैनिक देवकरण, बाबूलाल व दिनेश शर्मा एवं कालापीपल और सलसलाई पुलिस का योगदान रहा.